# वार्षिक परीक्षा, 2026
# जीव विज्ञान
# कक्षा-11

**A**

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **[पूर्णांक : 70**

**निर्देश-**

**(i)** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**(ii)** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**(iii)** आवश्यकतानुसार अपने उत्तर की पुष्टि नामांकित रेखाचित्रों के द्वारा कीजिए।

**(iv)** सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

**1. सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए–**

**(क) भ्रूण के चारों ओर रक्षात्मक आवरण एम्नियॉन पाया जाता है– 1**

**(a)** कॉकरोच में **(b)** मछली में

**(c)** छिपकली में **(d)** टोड में

**(ख) ''कोशिका जीवन की इकाई है'' नामक कथन किसने दिया ? 1**

**(a)** श्वान ने **(b)** स्लीडेन ने

**(c)** इश्रूट्रोचेट ने **(d)** लैमार्क ने

**(ग) प्रकाश संश्लेषण में– 1**

**(a)** $H_2O$ का अपचयन होता है **(b)** $H_2O$ का ऑक्सीकरण होता है

(c) $CO_2$ का ऑक्सीकरण होता है (d) $NO_2$ का ऑक्सीकरण होता है

**(घ) प्रतिवर्ती क्रियाओं का नियंत्रण करता है– 1**

(a) केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र (b) परिधीय तंत्रिका तंत्र

(c) स्वायत्त तंत्रिका तंत्र (d) मेरुदण्ड

**2. (क) माइकोप्लाज्मा से उत्पन्न दो पादप रोगों के नाम बताइए। 1**

**(ख) किन्हीं दो संयोजी ऊतकों का नाम लिखिए। 1**

**(ग) दो सुरक्षात्मक प्रोटीन्स के नाम लिखिए। 1**

**(घ) उस रासायनिक यौगिक का नाम लिखिए जो ग्लाइकोलिसिस और क्रेब्स चक्र के मध्य की कड़ी है। 1**

**(ङ) रक्तदाब को किस यंत्र द्वारा मापा जाता है ? 1**

**3. (क) वाइराइड क्या है ? 2**

**(ख) ज्वाला कोशिकाओं के मुख्य कार्य लिखिए। 2**

**(ग) दो आवश्यक संतृप्त तथा असंतृप्त वसा अम्लों के नाम लिखिए। 2**

**(घ) हृदय निकास को परिभाषित कीजिए। 2**

**(ङ) मानव मस्तिष्क के सेरीब्रम के दो कार्य लिखिए। 2**

**4. (क) प्रोटोनीमा पर टिप्पणी लिखिए। 3**

**(ख) हृदय में पाए जाने वाले ऊतक की क्या विशेषता है ? 3**

**(ग) विटामिन्स तथा हॉर्मोन्स में अन्तर लिखिए। 3**

**(घ) उत्सर्जन में अन्य अंगों के महत्व पर टिप्पणी लिखिए। 3**

**5. (क) सोलेनेसी तथा लिलिएसी को पुमंग के आधार पर कैसे पहचानेंगे ? 3**

UPBoardHub

(ख) अरेखित पेशी तन्तु तथा रेखित पेशी तन्तु में अन्तर लिखिए। 3

(ग) हृदयाघात पर टिप्पणी लिखिए। 3

(घ) रुधिर में $CO_2$ के परिवहन की विधियाँ लिखिए। 3

6. (क) जीन की संरचना तथा कार्य पर संक्षिप्त लिखिए। 3

(ख) अर्द्धसूत्री विभाजन का क्या महत्व है ? 3

(ग) ऑक्सीश्वसन क्या है ? यह अनॉक्सीश्वसन की अपेक्षा दक्ष क्यों है ? 3

(घ) $C_3$ तथा $C_4$ पथ में अन्तर लिखिए। 3

7. उत्सर्जन किसे कहते हैं ? किसी स्तनधारी की एक वृक्क नलिका का स्वच्छ नामांकित चित्र बनाइए एवं उसकी क्रिया-विधि समझाइए। 5

अथवा

शैवाल तथा जिम्नोस्पर्म के आर्थिक महत्व पर टिप्पणी लिखिए।

8. गुणसूत्र की जैव-रासायनिक संरचना का सचित्र वर्णन कीजिए। 5

अथवा

श्वसन क्रिया के क्रेब्स चक्र का वर्णन कीजिए।

9. प्रकाश-संश्लेषण से आप क्या समझते हैं ? इस प्रक्रम में अप्रकाशीय अभिक्रिया का वर्णन कीजिए। 5

अथवा

एन्जाइम्स की अभिक्रियाओं को प्रभावित करने वाले मुख्य कारकों का वर्णन कीजिए।

UPBoardHub

♢♢♢♢

UPBoardHub